# सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 1 मई से 15 मई तक “स्वच्छता पखवाड़ा 2026 मनाया गया। भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिव एवं सीएसआईआर मुख्यालय के दिशानिर्देशानुसार संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सभी कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, छात्रों एवं सहकर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में संस्थान के नियमित एवं अन्य कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता की।




उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए
डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




सहकर्मियों को स्वच्छता-शपथ दिलाते हुए डॉ पी सी पंचारिया

### उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण

स्वच्छता पखवाड़ा का औपचारिक शुभारंभ 4 मई 2026 को निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया के नेतृत्व में स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकर्मियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. पंचारिया ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हम सभी को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।



स्वच्छता शपथ लेते हुए सहकर्मी

पखवाड़े की अवधि में संस्थान परिसर, कैफेटेरिया, अतिथि गृह, आवासीय कॉलोनी परिसर, रिकॉर्ड कक्ष तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यस्थल की सफाई, अनुपयोगी सामग्री के निपटान, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव तथा स्वच्छ कार्यस्थल सुनिश्चित करने में सक्रिय योगदान दिया।





सुरक्षा कार्यशाला में केंद्रीय कर्मशाला कर्मियों को सुरक्षा एवं सावधानियों की जानकारी देते हुए श्री राकेश मीणा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

## विशेष सुरक्षा कार्यशाला

पखवाड़ा के दौरान 8 मई, 2026 को केंद्रीय कर्मशाला में **विशेष सुरक्षा कार्यशाला** का आयोजन किया गया, जिसमें सहकर्मियों को मशीनों पर कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा उपायों, सावधानियों तथा कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्री राकेश मीणा ने कर्मशाला में सुरक्षित कार्य-संस्कृति के महत्व और दुर्घटना की रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।




भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी




भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए
श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक

## भाषण प्रतियोगिता

दिनांक 12 मई 2026 को **"स्वच्छता पखवाड़ा – छोटे प्रयास, बड़ा बदलाव"** विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सहकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता के सामाजिक, व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक पीएमई प्रमुख श्री प्रमोद तँवर, वैज्ञानिक-एफ तथा श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की।

## समापन एवं पुरस्कार वितरण

स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 19 मई 2026 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिरला सार्वजनिक अस्पताल की प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि गाडिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।




समापन समारोह में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी. सी. पंचारिया

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब यह निरंतर व्यवहार का हिस्सा बने। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों की सराहना करते हुए संस्थान में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण को और बेहतर बनाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने शारीरिक स्वच्छता के साथ वैचारिक स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध एवं विकास कार्यों में भी सत्यनिष्ठा रूपी स्वच्छता आवश्यक है। डॉ पंचारिया ने संस्थान में स्वच्छता कर्मियों की टीम के कार्य और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अनवरत सेवा के कारण ही हमारा संस्थान एवं कॉलोनी परिसर स्वच्छ व सुंदर रहता है।

## आमंत्रित व्याख्यान

समापन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि डॉ. सृष्टि गाडिया ने 'कूल एंड हेल्दी समर (Cool & Healthy Summer)'

विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला और इसके लिए आवश्यक सावधानियाँ बरतने की भी सलाह दी। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर स्वच्छ आदतों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की।




‘कूल एंड हेल्दी समर’ विषयक आमंत्रित व्याख्यान देती हुईं विशिष्ट अतिथि डॉ. सृष्टि गाडिया, वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ



व्याख्यान के दौरान अतिथि से चर्चा करते हुए सहकर्मी

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि एवं निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। विजेताओं का विवरण इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| सुश्री आकृति बाजपेयी, तकनीकी सहायक | - प्रथम |
| सुश्री माया, तकनीशियन | - द्वितीय |
| श्री धनराज नायक, पीएचडी छात्र | - तृतीय |




विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए डॉ सृष्टि गाडिया एवं डॉ पी सी पंचारिया




स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए श्री प्रमोद तँवर, वैज्ञानिक -एफ

इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्य श्री प्रमोद तँवर, वैज्ञानिक-एफ एवं पीएमई प्रमुख ने पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा सभी सहभागियों के योगदान की प्रशंसा की।




अतिथि को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**अतिथि सम्मान**

डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने आमंत्रित अतिथि डॉ. सृष्टि गाडिया को संस्थान की ओर से **शॉल एवं स्मृति चिह्न** भेंट कर सम्मानित किया।




धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष
डॉ. सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी

डॉ. सुचंदन पाल, वैज्ञानिक-जी ने **धन्यवाद ज्ञापन** प्रस्तुत करते हुए संस्थान के निदेशक, आमंत्रित अतिथि, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने भी संस्थान एवं कॉलोनी परिसर को स्वच्छ रखने में सभी स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।





कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी द्वारा किया गया। संचालन के दौरान उन्होंने देश में स्वच्छता अभियान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में गाँधी जयंती के दिन की थी। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के आयोजन से संस्थान में स्वच्छता एवं अनुशासन का भाव सुदृढ़ हुआ जिसने सहकर्मियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत किया।

**स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के दौरान आयोजित विविध क्रियाकलापों के कुछ अन्य फोटोग्राफ**
















**मीडिया कवरेज**



दैनिक भास्कर

सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ, पुरस्कार वितरित किए



मृदुल पत्रिका

दैनिक व्यवहार और कार्य संस्कृति का स्थायी हिस्सा बने स्वच्छताः डॉ पंचारिया

---------